


# शतरंज ही ऐसा खेल है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : शंकर लाल हर्ष

**बीकानेर,(कासं)।** अजित फाउंडेशन जिला स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन सुप्रसिद्ध शतरंज प्रशिक्षक शंकरलाल हर्ष, वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी अनिल बोड़ा, युवा चिकित्सक डॉ. प्रवीण प्रजापत एवं युवा शतरंज खिलाड़ी अक्षय व्यास के कर कमलों द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्षयता करते हुए शतरंज खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक शंकरलाल हर्ष ने कहा कि वर्तमान में शतरंज खेल में भारत का दबदबा बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

कुछ वर्षों पहले जहां हम विश्व शतरंज रैंकिंग में बहुत नीचे पायदान पर थे। वहीं आज हम शीर्ष स्थानों में गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देष के बालवर्ग को शतरंज खेल से जोड़ने पर उनका सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। शतरंज ही ऐसा खेल है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाती है।

सुप्रसिद्ध शतरंज प्रशिक्षक अनिल बोड़ा ने कहा कि शतरंज का सीधा संबंध बच्चे के सर्वांगीण विकास से होता है एवं इसके माध्यम से गणना की प्रवृति भी बढ़ती है। बोड़ा ने इस अवसर पर बच्चों को शतरंज की बारीकियों के बारे में बताते हुए खेल को लिखना एवं समझने के बारे में बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा चिकित्सक डॉ. प्रवीण प्रजापत ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा कि शतरंज खेल से हम मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थ रह सकते हैं। इस खेल से हम जीवन में सफल होने का तरीका सीखते हैं। वर्तमान समय में भागदौड़ के जीवन में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के लिए भी समय निकालना चाहिए ताकि मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि युवा शतरंज खिलाड़ी अक्षय व्यास ने कहा कि शतरंज पूर्ण अनुशासन का खेल है जिसमें बुद्धि को परखा जाता है। शतरंज हमें जीवन में आने वाली मुश्किलों को लड़ने के लिए तैयार करता है।

उन्होंने अपने बचपन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि आज भारत में शतरंज के प्रति जो रूझान देखने को मिल रहा है वह पहले कम था। बच्चे शतरंज में अपना भविष्य देख रहे है। जो कि हमारे देश के लिए सुखद अनुभूति है।

- बालक वर्ग में 26 टीमों के 78 खिलाड़ी, बालिका वर्ग में 6 टीमों के 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

अजित फाउंडेशन के समन्वयक संजय श्रीमाली ने अजित फाउंडेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गत 20 वर्षों से संस्था द्वारा स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का नियमित आयोजित किया जा रहा है। श्रीमाली ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियागिता से आज शहर में शतरंज का माहौल बना है।

अजित फाउंडेशन शतरंज प्रतियागिता में दो श्रेणी में प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में 26 टीमों के 78 खिलाड़ी, बालिका वर्ग में 6 टीमों के 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आज बालक वर्ग में 3 राउंड एवं बालिका वर्ग में 2 राउंड खेले गये।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक भानू आचार्य, कपील पंवार, शुभम पुरोहित, कल प्रतियोगिता के अन्य राउंड खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 31 दिसम्बर 2024 को सायं 4:30 बजे अजित फाउंडेशन सभागार में आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के साथ-साथ जितने भी प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन सबको सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

**तीन रोमांचक मुकाबले :** 26वीं कुम्हार समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के दसवें दिन तीन मुकाबले खेले गए। जिनमें ढाणी क्रिकेट क्लब, जय सती माता क्रिकेट क्लब सागर और जय बजरंग बली खारा को कड़ी टक्कर के बावजूद क्रमशः श्रीश्याम क्लब गंगाशहर, तू मारो भाईलो क्रिकेट क्लब खारी और एसपीडी इलेवन ने हराकर जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 7 जनवरी को होगा, जिसमें विजेता टीम को 71,000 और उपविजेता को 51,000 रूपये की नकद राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। पहला मुकाबला ढाणी क्रिकेट क्लब और श्रीश्याम क्लब गंगाशहर के बीच हुआ।

इस मैच में श्रीश्याम क्लब गंगाशहर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। हरीश कुमावत को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच जय सती माता क्रिकेट क्लब सागर और तू मारो भाईलो क्रिकेट क्लब खारी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में तू मारो भाईलो क्रिकेट क्लब खारी ने अपनी कड़ी मेहनत से जीत दर्ज की। गणेश गेदर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

तीसरा मुकाबला जय बजरंगबली खारा और एसपीडी इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में एसपीडी इलेवन ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए विजय प्राप्त की। पंकज प्रजापत मैन ऑफ द मैच रहे।

**मुख्य अतिथि और आयोजन समिति :** दसवें दिन के मुकाबलों में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, जिलाध्यक्ष रामलाल भोभरिया, सरपंच राजू राम माहर, और जिला परिषद सदस्य पुरखाराम गेदर मौजूद रहे।

साथ ही महामंत्री करणाराम गेदर, शंकर लाल टाक, बाबूलाल सोखल, डा. मनोज संवाल, रामगोपाल गेदर, और लक्ष्मी नारायण प्रजापत ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। कमेटी के कोषाध्यक्ष गणपत गेदर ने बताया कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार प्रकट किया गया।

## ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी

**नोखा, (कासं)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और किसान नेता चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर उनके पैतृक गांव नोखा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मुरली गोदारा ने चौटाला परिवार और नोखा गांव के बीच की गहरी सामाजिक और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला। मुरली गोदारा ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के पूर्वज सैकड़ों साल पहले नोखा से हरियाणा के चौटाला गांव गए थे। इसके बावजूद, उनका सामाजिक संबंध आज भी नोखा गांव से बना हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि चौधरी देवीलाल ने नोखा गांव में शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। जब उन्होंने यहां एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण करवाया, जिससे गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। चौधरी देवीलाल परमार्थ संस्थान के अध्यक्ष गोपाल गोदारा और नोखा गांव के सरपंच पुरखाराम देपन ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने हमेशा किसान और गरीब वर्ग के हितों के लिए आवाज़ उठाई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व पंचायत समिति सदस्य बालूराम सियाग, सोहन सिंह राठौड़, वार्ड पंच गुमानाराम सियाग, मघाराम तरड़, मेघाराम सियाग, पूनम ढाका, भागीरथ कुम्हार, वार्ड पंच शेराराम सियाग, पूनम फौजी, भालाराम सियाग, रामचंद्र और कई अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### कला क्षेत्र की विभूतियां सम्मानित

**बीकानेर, (कासं)।** प्रेरणा प्रतिष्ठान बीकानेर के तत्वावधान में आज कला साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली तीन विभूतियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष प्रेमनारायण व्यास ने बताया कि नागरी भंडार स्थित राजमाता सुदर्शन कुमारी कला दीर्घा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य ने की। समारोह के मुख्य अतिथि व्यंगकार-सम्पादक डॉ. अजय जोशी थे एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कवि -कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। व्यास ने बताया कि बिल्डर्स कला अनुरागी युवा संस्कृतिकर्मी चन्द्रप्रकाश व्यास को अमर कीर्ति शिखर सम्मान एवं खेल समीक्षक एवं लेखक आत्माराम भाटी को राजरतन सम्मान तथा शिक्षाविद प्रोफेसर नरसिंह बिन्नाणी को सुंदर- सुरभि सम्मान से अतिथियों ने विभूषित किया। तीनों सम्मानित विभूतियों को अतिथियों ने अभिनंदन पत्र, शाल, स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं पुस्तकों का सेट भेंट कर सम्मान किया। अमर कीर्ति शिखर सम्मान में एक हजार एक सौ भी प्रदान किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा कि सम्मान हमारी प्राचीन परंपरा रही है। इस परंपरा को प्रेरणा प्रतिष्ठान वर्षों से आगे बढ़ा रहा है।

### नशे के दुष्प्रभाव बताए

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के अंतर्गत सूरतगढ़ में नशा विरोधी अभियान को लेकर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नाटक मंचन के माध्यम से उपस्थित जनों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशा मुक्त रहने का आव्हान किया गया। सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलावाई गई। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से विक्रम ज्याणी, रेड आर्ट थियेटर ग्रुप के सहीराम व श्री लक्ष्या ज्याणी ने 'अर्थियां उठाने से अच्छा है जिम्मेदारियां उठा लो' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में समाज में बढ़ रहे नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए बताया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके परिवार और समाज को भी बर्बाद करती है। कलाकारों ने दर्शकों को जागरूक करते हुए यह संदेश दिया कि जीवन में चुनौतियों से भागने की बजाय उनका सामना करना और जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची सफलता है। उपस्थितजनों को जीवन में कभी नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में गुरप्रेम सिंह मान ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा नशे में बर्बाद करने की बजाय राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए। कार्यक्रम में उन 50 युवाओं को सम्मानित किया गया, जो देश की रक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में चयनित हुए हैं। इस अवसर पर विधायक डूंगर राम गेदर, संदीप कासनिया, अनिल धानुका, सीआई कृष्ण, सम्पत, राकेश लोहरा, प्रमोद ज्यानी, मोहमंद अली कादिर, शिवप्रकाश गोदारा, सुधीर रिनवा सहित अन्य मौजूद थे। मंच संचालन पवन सारस्वत ने किया।

# पी.बी.एम में बैड व नर्सिंग स्टाफ की संख्या बढ़ाने की कवायद

**बीकानेर, (कासं)।** संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल में रोज छह हजार मरीज विभिन्न बीमारियों के आउटडोर में आते हैं। इनमें से एक हजार से लेकर 1500 को भर्ती और डिस्चार्ज किया जाता है। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए बैड और नर्सिंग स्टाफ की संख्या बढ़ाने की कवायद मेडिकल कॉलेज स्तर पर शुरू कर दी गई है।

पीबीएम हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ के 1400 पद स्वीकृत हैं। इन पदों पर करीब 1200 नर्सेज कार्यरत हैं। इनमें करीब 469 नर्सिंग ऑफिसर अर्जेंट टेम्प्रेरी बेसेज पर लगे हुए हैं। इनका कार्यकाल तीन-तीन महीने से बढ़ाया जाता है। चिकित्सा निदेशालय ने हाल में इनका कार्यकाल फरवरी 25 तक बढ़ा दिया है। हालांकि नियमानुसार जीएनएम की पोस्टिंग होने पर इन्हें हटना पड़ सकता है। यदि पीबीएम में

- रोज 6000 की ओपीडी, पीबीएम हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ के 1400 पद स्वीकृत है, इन पदों पर करीब 1200 नर्सेज कार्यरत हैं

बैड की संख्या और नर्सेज के पद बढ़ाए जाते हैं तो यूटीबी को हटाने की नौबत नहीं आयेगी। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज स्तर पर इस दिशा में काम शुरू हो गया है। नर्सेज के पद और बैड संख्या की गणना शुरू कर दी गई है।

विभागवार जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक से बैड की संख्या मांगी गई है। जानकारी के अनुसार पीबीएम हॉस्पिटल में स्वीकृत बैड संख्या 2496 ही है, लेकिन विभागवार जुटाए गए सेंसस को देखें तो वर्तमान में 2912 बैड लगे हुए हैं। यानी 483 बैड अतिरिक्त लगे हुए हैं। मौसमी बीमारियों के सीजन में 1500 से 2000 बैड अतिरिक्त लगाने पड़ते है।

मरीजों की तुलना में नर्सिंग स्टाफ की संख्या काफी कम है। इसकी वजह से वार्डों में भर्ती मरीजों की केयर भी ठीक से नहीं हो पाती। हालात ये है कि 40 बैड का वार्ड चार नर्सिंग ऑफिसर्स के भरोसे रहता है।

भविष्य में नए विभागों को देखते हुए बैड की संख्या बढ़ाकर 4500 करने और नर्सेज के 1646 नए पद सृजित करने की जरूरत आंकी गई है। इसमें से नर्सेज के पदों के प्रस्ताव सरकार को भेजे जा चुके हैं। गंगाशहर सैटेलाइट और जिला अस्पताल के लिए भी पद मांगे गए हैं। बैड बढ़ाने को लेकर कॉलेज स्तर पर मंथन चल रहा है।

## सर्द हवाओं से छूटी कंपकंपी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का असर सोमवार को नजर आया। पूरा दिन कोहरे के असर के बाद रात को चली हवा से कोहरा तो कम हो गया लेकिन सर्दी का असर तेज हो गया।

न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस था वहीं यह 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यानी तापमान में 4.1 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। वहीं अधिकतम तापमान भी घटा है। इसी के असर से सर्दी लगातार तेज होती जा रही है। शहर में सोमवार को दिन की शुरूआत से तेज सर्दी से लोग परेशान होते दिखाई दिए। कामकाज की तलाश में निकले लोग सुबह सड़कों किनारे अलाव तापते रहे। वहीं स्टूडेंट्स ठिठुरते हुए कोचिंग सेंटर्स पर पहुंचे। शहर में विजिबिलिटी साफ थी। सर्दी के चलते सोमवार सुबह दूध और सब्जी बेचने निकले लोग बचाव के पूरे इंतजाम किए नजर आए। मौसम के विशेषज्ञ अब सर्दी का असर और तेज होने की बात कहते हैं।

# टीचर भर्ती, 50 फीसदी ने ही दी गणित की परीक्षा

**बीकानेर,(कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित संस्कृत शिक्षा सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों का रूझान कम देखने को मिल रहा है। सोमवार को गणित विषय के लिए हुई परीक्षा में करीब पचास फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 12 बजे तक चलने वाली ये परीक्षा बीकानेर के 12 सेंटर पर चल रही है।

आयोग की ओर से लगातार 4 दिन परीक्षा आयोजित की जा रही है। शनिवार से शुरू हुई परीक्षाएं मंगलवार तक चलेंगी। बीकानेर के 25 सरकारी और 31 निजी स्कूलों में ये परीक्षा हो रही है। परीक्षा में 1500 वीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इन केन्द्रों पर अलग-अलग दिन परीक्षा हो रही है। सोमवार को बारह सेंटर पर 3 हजार 143 को परीक्षा देना था, जिसमें 1585 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। जबकि एक हजार 558 अनुपस्थित रहे।

- संस्कृत शिक्षा में 347 सीनियर टीचर्स की भर्ती परीक्षा

ऐसे में 50.43 प्रतिशत उपस्थिति रही। इससे पहले जनरल नॉलेज की परीक्षा में 10 हजार 346 परीक्षार्थी बैठे थे लेकिन यहां भी 8 हजार 639 परीक्षार्थी परीक्षा देने आये ही नहीं। रविवार को दूसरी पारी में विज्ञान की परीक्षा थी, जिसमें 1385 में से 1385 ने परीक्षा दी और एक हजार 203 अनुपस्थित रहे। संस्कृत शिक्षा में 347 टीचर्स की भर्ती के लिए हो रही इस परीक्षा में सबसे ज्यादा संस्कृत के 79 पद है जबकि सबसे कम हिन्दी के 39 पद है। उधर, जीके के एग्जाम में बीकानेर के पैरालिंपिक खिलाड़ी श्यामसुंदर के बारे में भी सवाल किया गया था।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.01.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680750000086, नोखा, 135170700014827, 4889, 4903, 135170730038102, 8416, पंच शती सर्कल, 115300700028746, 8777, 8800, 8817, 115300730077319, 7394, 7843, 7894, 115300750000170, श्री डुंगरगढ, 135300700013733, 3821, 3828, 3834, 135300730038348, 8495, 8621, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700034958, 6952, 7107, 7167, 7174, 7199, 7201, 7248, 7283, 7288, 7320, 7635, 7888, 7912, 8382, 8491, 135100730040573, 1224, 1264, 1347, 1375, 1452, 3759, 3892, 6062, 6266, 6269, 6324, 6440, रविन्द्र पथ, 117420700037119, 7129, 7147, 7151, 7184, 7188, 7211, 7219, 117420730040857, 1643, 1804, 1863, सुखाड़िया सर्कल, 117490700021479, 1605, 1627, 1637, 1638, 1641, 117490730023315, 3354, 3358, 3372, सूरतगढ राजस्थान, 135560700024917, 4931, 4990, 5034, 5060, 5084, 5099, 5100, 5110, 5137, 135560730052605, 2654,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

# बज्जू के खालसा क्षेत्र जल कुंड में शव मिला

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के बज्जू खालसा क्षेत्र में एक शख्स का शव जलकुंड में मिला।

हमेशा की तरह वो अपने काम पर गए थे, वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने तलाश शुरू की। ये तलाश जलकुंड पर खत्म हुई, जब शव वहां पानी में तैरता मिला। इस घटना के बाद से घर में सनसनी फैल गई। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला।

बज्जू खालसा के सीआईडी क्वार्टर में रहने वाले बलवंत दान चारण हमेशा की तरह अपने काम से गए थे। बलवंत दान वापस घर नहीं लौटे तो घर वालों ने तलाश शुरू कर दी। पद चिन्हों के आधार पर तलाशना शुरू किया तो जल कुंड में ही उनका शव तैरता दिखाई दिया तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। बलवंत को बाहर

- शव बज्जू खालसा के सीआईडी क्वार्टर में रहने वाले बलवंत चारण का था

निकाला तो वो मृत अवस्था में था। पुलिस ने उसका शव मोर्चरी में पहुंचाया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बलवंत के पुत्र प्रेमदान ने इस संबंध में बज्जू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जिसके आधार पर आगे की छानबीन की जा रही है। बलवंत दान की मृत्यु के कारणों की छानबीन की जा रही है। घटना रविवार तड़के की है। जब घर वालों को उसका शव कुंड में मिला था। पुलिस को सुबह ही इत्तला दे दी गई थी।

## हाईवे पर अवैध कट बंद होंगे

**बीकानेर, (कासं)।** शहर के मुख्य मार्ग और हाईवे पर 50 से ज्यादा अवैध कट हैं जिन्हें बंद किया जायेगा। इसके लिए सर्वे कर लिया गया है।

बीकानेर शहर के मुख्य मार्ग और हाईवे पर पीडब्लयूडी, बीडीए, डीटीओ और टीआई की संयुक्त टीम ने सर्वे किया। करीब 200 अवैध कट बने हुए हैं। हाईवे पर बने अवैध कट से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

जयपुर रोड, जैसलमेर रोड, नोखा रोड रोड, रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया 5 नंबर रोड, मेडिकल कॉलेज से नागणेची मंदिर, श्रीगंगानगर हाईवे सहित मुख्य मार्गों पर 50 से ज्यादा अवैध कट हैं। जिन्हें बंद किया जायेगा।

संयुक्त टीम ने रिपोर्ट तैयार कर ली है जिसे कलेक्टर को सौंपा जायेगा। अवैध कट बंद करने के लिए एस्टीमेट बनेगा और बजट स्वीकृत होने पर बंद करने का काम होगा।

# टी आकार के पुल निर्माण की मांग को लेकर नोखा बंद

**नोखा, (कासं)।** नवली गेट पर टी आकार पुल की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। सोमवार को संघर्ष समिति द्वारा नोखा बंद ओर महापड़ाव का आयोजन किया गया।

इस दौरान संघर्ष समिति के सैकड़ों युवाओं ने कस्बे में जुलूस निकाल व्यापारियों और आमजन से सहयोग मांगा है। कस्बे से फल, सब्जी, वस्त्र, रेडिमेड , परचून, होटल सहित सभी प्रमुख बाजार बंद रहे। रैली के बाद नवली गेट पर संघर्ष समिति द्वारा महापड़ाव शुरू किया। महापड़ाव स्थल पर सैकड़ों लोग मौजूद है। ऐहतिहात के तौर पर रेल पटरियों की सुरक्षा को लेकर तैनात है। वहीं पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था बनाने को लेकर चाक चौबंद करने में लगे हुए है। पुलिस के जवान और महिला पुलिसकर्मी जुलूस के साथ चल रहे थे। कस्बे के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर फोर्स तैनात है। वहीं महापड़ाव को इस दौरान मगनाराम केड़ली, जुगल भार्गव सहित अनेक लोग महापड़ाव स्थल पर मौजूद है और लोगों को संबोधित कर रहे है। मगनाराम ने बताया कि सुजानगढ़ रोड़ पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने को लेकर एल आकार का पुल बनवाया जा रहा। रेलवे द्वारा बनवाए जा रहे एल आकार पुल बनने से यातायात व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। नवलीगेट रेलवे लाइन के ऊपर ओवरब्रिज व अंडरब्रिज का निर्माण हाईवे नम्बर 62 जिसकी दूरी मात्र 50 फीट ही है। ओवरब्रिज के लिए नोखा की आमजन की भावना को अनदेखा करते हुए तथा आमजन आस पड़ोसियों की बिना कोई सहमति बनाने व आनन फानन में ओवरब्रिज निर्माण करवाया जा रहा है।

गृह

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन
(आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय) 9वी मंजिल, ''बी'' विंग, जनपथ भवन, जनपथ नई दिल्ली-110001 फोन-23717249/23355408/23322192

भोपाल में अवास परियोजना के लिए मांग सर्वेण

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन (CGEWHO) ने 1990 में अपनी स्थापना के बाद से पूरे भारत में 33 आवास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। CGEWHO विशेष रूप से केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, राज्य सरकारी, संघ शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगमों और राष्ट्रीकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
सीजीईडब्लूएचओ अब भोपाल में प्रस्तावित आवास परियोजना के लिए मांग सर्वेक्षण कर रहा है।
मुय विवरण-
- स्थान-प्रस्तावित परियोजना होशंगाबाद कनेक्टिंग रोड, भोपाल के पास मिसरोद बर्रई 45 मास्टर प्लान रोड योजना में 4.45 एकड़ के भूखंड (भूखंड क्रमांक बीजी-22) पर स्थित होगी।
- परियोजना का आंकार- बहुमंजिला इमारत में लगभग 300 आवासीय इकाइयों (डीयू) की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक इकाई में तीन या चार बेडरूम होंगे। इकाइयों का अनुमानित सुपर बिल्ट-अप एरिया (एसबीए) 1500 से 2000 वर्गफीट तक होगा।
- पात्रता- यह सर्वेक्षण केवल केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगमों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए खुला है।
- आराण- 50 प्रतिशत आवासीय इकाइयां (डीयू) मांग सर्वेक्षण के उत्तरदाताओं के लिए आरक्षित होंगी, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें-**
- विवरण नियम व शर्तो तथा आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया सीजीईडब्ल्यूएचओ की वेबसाइट www.cgewho.in पर जाए।
- पूर्ण रूप से भरे गए फॉर्म 30 दिनों के भीतर डाक या ई-मेल द्वारा निम्नलिति पते पर जमा किए जाने चाहिए।

**उप निदेशक (प्रशासन), सीजीईडब्ल्यूएचओ**
**''बी'' विंग, 9वीं मंजिल, जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001**
**ईमेल- marketingcgewho@gmail.com**

किसी भी प्रश्न के लिए आप निम्नलिति व्यक्तियों से संपर्क कर सकते है-
श्री रोशन किशोर (एम) 9560022232, श्री नितीश गर्ग (एम) 8826461114
सीईओ, सीजीईडब्ल्यूएचओ को बिना कोई कारण बताए योजना या मांग सर्वेक्षण को छोडने का अधिकार सुरक्षित है।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**सीजीईडब्ल्यूएचओ**

CBC 20105/12/0016/2425

# बीकानेर में अब तक 146 व्यक्तियों ने लिया देहदान का संकल्प

**बीकानेर, (कासं)।** सर्व मानव कल्याण समिति द्वारा दक्षिण विस्तार सामुदायिक भवन में देहदान व अंगदान पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस ने 2017 में जो देहदान व अंगदान का जागृति अभियान शुरू किया था उसको आगे बढ़ाते हुए लोगों से संवाद व अंगदान-देहदान के प्रति जागरूकता के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ राकेश रावत ने बताया कि समिति के माध्यम से अब तक 138 व्यक्ति देहदान का संकल्प ले चुके हैं तथा आठ जने अपनी बॉडी को दान दे भी चुके हैं। अंगदान के संदर्भ में उन्होंने बताया कि अब तक 78 व्यक्ति अंगदान के संकल्प लेकर रजिस्टर्ड हो चुके हैं। संगोष्ठी में आठ नए सदस्यों ने देहदान का संकल्प लिया।

संगोष्ठी में गत वर्ष में जिन लोगों ने देहदान किया था। उनके परिजनों को सम्मानित किया गया तथा विगत समय में जिन लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है। उन परिवारों को भी सम्मानित किया गया।

- देहदान का संकल्प लेने वालों के परिवारों को भी सम्मानित किया

आईएमए अध्यक्ष डॉ एस.एन. हर्ष ने इस कार्य को बहुत पुनीत कार्य बताते हुए आव्हान किया है कि हम सब लोग इन कार्यों से मेडिकल शिक्षा में अपना बहुत अच्छा योगदान दे सकते हैं। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विजय आचार्य ने कहा कि अंगदान पुण्य का काम है।

संगोष्ठी में अरविंद मिड्ढा, यशपाल गहलोत व रोहिताश भारी ने कहा कि अंगदान करना यानि दूसरों के जीवन के लिए अनमोल उपहार देने की बात कही। मेडिकल कॉलेज से डॉ. के.आर. मीणा ने बताया कि एक बॉडी डोनेट करने से कितने साल तक उसको कार्य में लिया जा सकता है के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन नरेश मीर ने किया तथा सचिव प्रवीण चावला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उमाशंकर आचार्य, नरेंद्र पारीक, डॉ दिनेश शर्मा, नीरज रावत, रूपाली, ज्योत्सना, लता चावला सहयोगी रहे। अंजू सोनी, जावेद जोइया, विक्रम संजीव कुक्कड़, लीलाधर, पवन झाम्ब, उत्तम पंवार, विक्रम आदि का सहयोग रहा।

# बीमा राशि हड़पने के लिए दो बहनों ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

## सड़क दुर्घटना का रूप देने रची साजिश, दो बहनें व उनका प्रेमी गिरफ्तार



50 लाख की बीमा राशि हड़पने के लिए दो बहनों ने प्रेमी संग की गई जघन्य हत्या का राज फाश करते पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पति शराबी, कोई काम धन्धा नहीं ऐसे में परेशान पत्नी ने अपनी बहन और प्रेमी से मिलकर ऐसी साजिश रची की सुनकर दिल दहल जाए। पति को रास्ते से हटाने के साथ भारी रकम लेने की नियत से बीमा करवाया गया और प्रेमी के साथ मिलकर पति की जघन्य हत्या कर दी।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 25 दिसंबर की रात्रि लगभग10 बजे थानाधिकारी पुलिस थाना कलिंजरा विक्रम सिंह ने थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बुद्धाराम को सूचना दी कि नेशनल हाईवे 56 पर स्थित घीवापाडा-पाडीकला रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश अर्ध नग्न अवस्था में घीवापाडा से पाडीकला रोड के मध्य कालीपान जाने वाली नहर वाले रास्ते के पास मैन हाईवे पर सड़क किनारे पडी हुई हैं। जिस पर उच्चाधिकारी व थानाधिकारी सदर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मौके पर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया तो लाश के पास खून आलूदा कपडे शर्ट एवं टीशर्ट पडे मिले एवं कालीपान जाने वाले कच्चे रास्ते पर अलग-अलग 15 स्थानों पर करीब 200-220 फिट तक खून पडा हुआ मिला। मौके पर एफएसएलएवं एमओबी की टीम को बुलाई जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं साक्ष्य संकलन किया गया। लाश का बारीकी से निरीक्षण किया गया तो लाश का सिर पुरी तरह से फटा, कुचला होकर मांस के लोथडे निकले हुए थें एवं मृतक की बायी भुजा की हड्डी टूटी हुई थी। लाश के दाहिने हाथ पर अंठोजी में कालु गुदा हुआ था।

मौके पर शव के फोटो एवं विडियोग्राफी की गई। शव की पहचान के लिए वीडियोग्राफी एवं फोटो को सोशियल मीडिया पर वायरल किया गया एवं लाश को मोर्चरी एमजीएच में रखवाया गया। रात्रि का समय होने से पुलिस बल की सहायता से घटना स्थल को सुरक्षित करवाया गया। सोशियल मीडिया की मदद से अज्ञात शव की पहचान कालू पुत्र रामा कटारा जाति उम्र 37 वर्ष निवासी पलोदरा थाना सदर के रूप में हुई। मृतक के भाई कैलाश की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस थाना सदर ने अनुसंधान प्रारम्भ किया। हत्या जैसी दुर्दान्त वारदात के खुलासे के लिए एसपी अग्रवाला के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज, पुलिस उपअधीक्षक गोपीचन्द मीणा के निकटतम पर्यवेक्षण में थानाधिकारी सदर बुद्धाराम विश्नोई के नेतृत्व में थाना स्तर पर अलग-अलग विशेष टीमों का गठन कर मुखबीर मामुर किये गये एवं मृतक कालू की आदतो एवं उसके परिजनो के संबंध में गोपनीय तरिके से मुखबिरो के माध्यम से पता लगाया गया तो पता चला कि मृतक की पत्नी कान्ता एवं उसकी बहन कमला ने अपने साथी दिनेश मईडा के साथ मिलकर बजाज एलायन्स, एसबीआई, एलआईसी एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व लोन आदि से लगभग 50 लाख के अलग-अलग बीमे करवाये थे। जिसमें से लगभग 24 लाख का बीमा गत माह नवम्बर में ही करवाये गयें। मृतक की कान्ता एवं उसकी बहन कमला पत्नी पेमा कटारा की गतिविधियों पर नजर रखी गई। दिनेश मईडा निवासी पलोदरा घटना के बाद से ही गायब था। बुद्धाराम एवं उनकी टीम ने दबिश देकर दिनेश से पूछताछ कर कान्ता कटारा कालू कटारा, कमला कटारा पत्नी पेमा कटारा को भी डिटेन कर मनोवैज्ञानिक रूप से अलग-अलग पूछताछ की तो उन्होने घटना कारित करना बताया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पत्रकार वार्ता में पुलिस उप अधीक्षक गोपीचन्द मीणा, थानाधिकारी सदर बुद्धाराम विश्नोई, व राजतालाब थानाधिकारी दिलीप मौजूद रहे।

अभियुक्तों से पूछताछ पर पता चला कि मृतक कालू शराबी होकर कोई काम धन्धा नही करता था। मृतक की पत्नी कान्ता के बच्चे अथर्व स्कूल सालिया में पढ ते थें एवं कान्ता बांसवाडा में घरो में कामधन्धा करती थी। अभियुक्त दिनेश मईडा की इको गाडी अर्थव स्कूल में लगा रखी थी। दिनेश मईडा कान्ता के बच्चो को स्कूल लाने-ले जाने के रुपए नही लेता था और कालू को शराब पीने के लिये रूपये भी देता था। इस कारण से कान्ता एवं दिनेश की नजदिकियां बढी और उनमें संबंध स्थापित हो गयें। इस बात की जानकारी कमला को भी थी। क्योंकि दिनेश के पहले कमला की देवरानी मीरा से भी संबंध थें। मीरा के नाते जाने के बाद दिनेश ने कमला से भी संबंध बनाये। इसके बाद अप्रेल 2024 में इन तीनो ने मिल कर मृतक के भारी बीमें कराये एवं उसको मारने की फिराक में रहें। यह योजना कमला के घर पर बैठ कर कमला, कान्ता एवं दिनेश ने बनाई थी। इस हत्या की घटना को अंजाम देने के लिये दोनो बहनों ने दिनेश को 15 लाख रुपए देने का वादा किया था। दिनेश से अनुसंधान जारी हैं। उसके सहयोगियों का पता लगा उनसे अनुसंधान किया जाएगा। इसी दौरान 21 दिसम्बर को कमला, कान्ता एवं दिनेश मईडा ने मिल कर कालू की हत्या करने की साजिश रची एवं दिनेश ने अपने साथियों के साथ मिल कर 25 दिसंबर को सांय कालू को पलोदरा से अपनी गाडी में बिठा कर बांसवाडा लाया एवं शराब खरीदी एवं कपडो में डालने की गोलियां शराब में मिला कर कालू को पीलाया और अपनी गाड़ी के आगे की सीट पर बेहोशी की हालत में सीट बैल्ट की सहायता से बिठा कर घटनास्थल पर ले जाकर अपने साथियो की मदद से सिर पर रोड से ताबड-तोड वार कर मार डाला और वाहन दूर्घटना का रूप देने के लिये लाश को हाईवे पर फैंक उस पर गाडी चढा दी। पुलिस टीम में पुलिस थाना सदर थानाधिकारी बुद्धाराम, पुलिस उप निरीक्षक रामलाल,सहायक उप निरीक्षक परीक्षित व महेन्द्र कुमार, हैड कानि अनिल कुमार, प्रकाश व दिग्पाल सिंह, कानि मुकेश, गोपाल, राहुल गौरव कुमार, सुरेन्द्र सिंह, यशवर्धन सिंह राव व चालक कानि. लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे। अग्रवाल ने बताया कि मामले के खुलासे में हैड कांस्टेबल अनिल कुमार का विशेष योगदान रहा।

# सी.बी.आई. अधिकारी बन कर ठगे थे एक करोड़ से ज्यादा रुपए

**श्रीगंगानगर।** पुलिस ने साइबर फ्रॉड के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मध्यप्रदेश के भोपाल के रहने वाले हैं। श्रीगंगानगर पुलिस के पहुंचने से पहले ही साइबर अपराध के मामले में हरियाणा की सोनीपत पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ले गई। ऐसे में श्रीगंगानगर पुलिस उन्हें सोनीपत से पकड़ कर लाई।

आरोपियों ने फर्म के नाम से खाता खुलवा रखा था और इनमें 5 करोड़ से ज्यादा के लेनदेन हो चुके हैं। इनके खिलाफ राजस्थान के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात और तेलंगाना में भी साइबर अपराध की शिकायतें हैं। 16 नवंबर को गांव 22 एमएल की जसविंद्र कौर पत्नी सोहनसिंह जटसिख ने दी रिपोर्ट में साइबर पुलिस को बताया कि उसके पति सोहन सिंह के फोन पर कॉल आई। वीडियो कॉल में कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि उसके खाते में गलत तरीके से रुपए जमा हुए हैं। इसका मुकदमा दिल्ली में दर्ज है। आरोपी ने कहा कि इस मामले में सोहनसिंह को जेल होगी। धमकाकर आरोपी ने उसे एक खाता नंबर दिया और मुकदमा खत्म करने की एवज में इस खाते में 1 करोड़ 5 लाख 59 हजार 960 रुपए जमा करवा लिए।

जांच में पुलिस को इस मामले के तार मध्यप्रदेश के भोपाल से जुड़े होने का पता लगा तो वहां श्रीगंगानगर पुलिस पहुंची। वहां पुलिस को संदिग्ध खाताधारक पीयूष नायक पुत्र सुजीत नायक और ईशान बघेल पुत्र मदन बघेल के होने का पता चला। दोनों सिवनी जिले के रहने वाले हैं और अभी भोपाल में रहते हैं। उनकी तलाश की तो पता लगा कि साइबर फ्रॉड के मामले में दो दिन पहले उन्हें हरियाणा की सोनीपत पुलिस पकड़कर ले जा चुकी है। इस पर उन्हें सोनीपत से श्रीगंगानगर पुलिस ले आई। इन आरोपियों ने फर्म के नाम से खाता खुलवाया और इसमें राजस्थान के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, तेलंगाना की दस शिकायतों के 5 करोड़ 5 लाख 95 हजार 337 रुपए का लेनदेन होना पाया गया। इसमें श्रीगंगानगर के मामले के एक करोड़ 5 लाख 59 हजार 960 रुपए का लेनदेन शामिल है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर ले आई है । उनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने पहले भी तीन आरोपी पकड़े हैं।

## आंगनवाडी भवनों की हालत बिगड़ी

**सरवाड़,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा व श्यामपुरा खेडी शंकर सुपा पंचायत की आंगनवाड़ी भवनों की हालत बिगड़ी हुई है । आंगनवाड़ी में कार्यरत महिलाओं ने कई बार इसकी शिकायत की मगर अभी तक इसकी सुनवाई नहीं हुई है आंगनवाड़ी में कार्यरत महिलाओं का कहना है कि बैठने के लिए भी जगह नहीं है बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है वहीं जहरीले जीव जंतुओं का डर हमेशा सताता है वहीं इस आंगनवाड़ी भवन में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं आंगनवाड़ी जर्जर अवस्था में होने के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी गई मगर अभी तक सुनवाई नहीं हुई वहीं ग्राम पंचायत को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी सरपंच और उच्च अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं अगर यह ऐसा ही रहा तो कभी भी भवन टूट सकता है और बड़ी हानि हो सकती है वही आंगनवाड़ी केन्द्रों में ना तो पानी की कोई उच्च व्यवस्था है और ना ही बिजली की कोई व्यवस्था है।

# प्रतिनिधि मंडल ने की विधानसभाध्यक्ष देवनानी से मुलाकात

**अजमेर** (कासं)। अजमेर नगर निगम किरायेदार सहयोग समिति के प्रतिनिधी मंडल ने सोमवार को विधानसभा वासुदेव देवनानी से मुलाकात की और अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा कर लघु अवधि लीज किराया पर व्यवसाय सम्पत्तियों के फ्री होल्ड पट्टे जारी करने व लीज राशि जमा कराने के लिए नगर निगम अजमेर को निर्देश देने की मांग की।

अजमेर नगर निगम किरायेदार सहयोग समिति के संरक्षक मोती जेठानी ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को बताया कि नगर निगम अजमेर की अजमेर शहर में लघु अवधि लीज किराये पर व्यवसायिक सम्पत्तियों का विभिन्न मार्केट की विभिन्न दुकानों का नियम फ्री होल्ड पट्टे जारी करते हुए व लीज राशि जमा करते हुए नियमन कर दिया गया है। जबकि वर्तमान में भी अनेको दुकानों व अलग.अलग मार्केट की लघु अवधि लीज/किराये की दुकानों के पट्टों के आवेदन पत्र पेन्डिग है व कई किरायेदारों से कई वर्षो से किराया भी नहीं लिया जा रहा है उसे जमा करवाने के लिए सभी दुकानदार तैयार है उसे जमा करवाने के आदेश जारी हो तथा उनके फ्री होल्ड पट्टे भी जारी करवाए जाए। विधानसभाध्यक्ष से मिलकर निवेदन किया कि फ्री होल्ड पट्टे जारी किये जाने व लीज राशि मय बकाया किराया जमा किये जाने की कार्यवाही पुनः आरम्भ करते हुए नियमन कराये जाए व लीज राशि जमा कर पट्टे जारी कराने के आदेश पारित करवाने के निर्देश देने की मांग की।

पूर्व में महापौर व नगर निगम की भी पत्र दिए गए है। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने आश्वस्त किया कि सरकार को निर्देश देकर इस लीज जमा कर पट्टे जारी करवाने के आदेश पारित करवाएंगे।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

## कार, दस मोबाईल, एटीएम व नकदी बरामद

**उदयपुर,** (कासं)। ऑनलाईन ठगी का काम करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से कार, दस मोबाईल, चार लाख अस्सी हजार से अधिक की नकदी जब्त कर तीनों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 28 दिसंबर रात में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी के नेतृत्व में एसआई मुंगलाराम, हेडकांस्टेबल नंदकिशोर पंडया, हेडकांस्टेबल नरेश कुमार, कांस्टेबल राजकमल एवं सुरेश कुमार, महिला कांस्टेबल निर्मला मय टीम सुभाष चौराहा, रामपुरा चौराया, अस्सी फीट, गांधीनगर, मस्तान बाबा, ब्रम्हपोल, झाड़ा गणेशजी, राड़ाजी चौराया से रानी रोड़ पहुंचे। जहां देर रात बाद में मुखबीर से हिरणमगरी क्षैत्र से आ रही कार में सवार संदिग्ध तीन युवकों के बड़ी या हवाला की तरफ जाने की सूचना पर शिल्पठाम रोड़ जैन फार्मा के पास पहुंचे।

जहां कार को रोक उसमें सवार से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम सोनू मेहता पुत्र मांगीलाल निवासी मावली डांगीयान हाल के ब्लॉक सबसिटी सेन्टर हिरणमगरी, दूसरे ने शिवम पानेरी पुत्र कमल मैनारिया निवासी सूजूकी शॉ रूम के पास हिरणमगरी सेक्टर पांच मेन रोड़ पानेरियों की मादड़ी तथा तीसरे ने अपना नाम जतिन मैनारिया पुत्र सुरेश मैनारिया निवासी मैन रोड़ सेक्टर 5 हिरणमगरी पानेरियों की मादड़ी होना बताने पर तीनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में शिवम व सोनू ने इरफान नामक अपने बॉस के लिए टटलुबाजी काम काम करने की बात कही। इस पर इनकी व कार की तलाशी ली तो सोनू के कब्जे में 7 मोबाईल, शिवम के कब्जे से 2 एटीएम व डेबिट कार्ड , जतिन के कब्ज से एक मोबाईल, फर्म के नाम खाता खोलने के लिए रखी दो स्टेम्प सील, ऑनलाईन ठगी की गई 4 लाख 80 हजार 500 रूपये नकदी बरामद किया।

इस दौरान तीनों ने बताया कि ऑन लाईन गेमिंग के लिए अलग अलग एप स्टॉल कर लिंक भेज कर भोले भाले लोगों के नामों से फर्मो के नाम के कूटरचित दस्तावेजों से बैकों में उनके खाते खुलवा कर उनके ही नाम से सिम लेकर लिंक कराते। खातों मे जमा नकदी की जानकारी इरफान को देते वो नकदी निकाल कर कुछ प्रतिशत कमिशन हमें देते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

इस मामले में पुलिस ने एसआई मुगलाराम पुत्र आशाराम भामली पिण्डवाड़ा सिरोही हॉल अम्बामाता की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर तीनों को न्यायालय में पेश किया। जहां से जतीन को जेल भेज दिया गया तथा सोनू व शिवम को चार जनवरी तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया जिनसे पूछताछ जारी है।

## हादसों को न्यौता देता, सड़क के बीचो-बीच गड्डा

**अजमेर।** अजमेर शहर के वीआईपी मार्ग के रूप में अपनी पहचान बना चुके जयपुर रोड स्थित मीरशाहअली के बाहर सड़क के बीचों-बीच गड्डा हादसों को न्यौता दे रहा है, इस गड्डे के कारण के कई बार हादसे वाहन चालक हादसे के शिकार हो चुके है तो वही कई लोग हादसे के शिकार होने से बाल-बाल बचे है। गड्ढे की मरम्मत करने के बजाए प्रशासन द्वारा उक्त गड्ढे में मिट्टी के कट्टा डाल कर अपनी इतिश्री पूरी कर ली है, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं करवा पाए। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस मार्ग से दिन में सैकडों की संख्या में वीआईपी आते-जाते है और सार्वजनिक विभाग के अधिकारी भी यहां से गुजरते होंगे, लेकिन आज दिन तक इन अधिकारियों का इस गड्ढे की ओर ध्यान आया ही नही।

# रसद विभाग ने किए आठ सिलेण्डर जब्त

**अजमेर,** (कासं)।रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण व व्यवसाय की सूचना पर जिला रसद अधिकारी रतन कौर के नेतृत्व में टीम ने दरगाह क्षेत्रा में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। सोमवार को जांच दल द्वारा 8 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

जिला रसद अधिकारी रतन कौर ने बताया कि मैसर्स बाबू भाई लाखन कोटड़ी से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, अल-हयात गेस्ट हाउस पताशा गली से एक गैस सिलेण्डर, मिन्हा फूड एण्ड टी सेन्टर मुस्लिम मौची मोहल्ला से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, बच्ची बाई तेलन कचौरी भण्डार मुस्लिम मौची मोहल्ला से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर, के.जी.एन. रेस्टोरेन्ट मुस्लिम मोची मोहल्ला से एक घरेलू गैस सिलेंडर, अता -ए-प्लाजा पैलेस मुस्लिम मोची मोहल्ला से एक घरेलू गैस सिलेंडर एवं जमसम पैलेस मधु शाह बाबा गली से एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। इन फर्म का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में जिला रसद अधिकारी रतन कौर, प्रवर्तन अधिकारी उर्मिला सेहर, प्रवर्तन निरीक्षक शीला बेनीवाल, महेन्द्र कुमार यादव, राहुल वेदलवाल एवं दरगाह टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाई

**कोटा,** (निसं)। कैथूनीपोल थाना इलाके में सोमवार को एक युवक ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार श्रीपुरा में एक युवक ने घर में फांसी लगा ली जिसे परिजन फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी एमबीएस अस्पताल पहुंची। कैथूनीपोल थाने के हैड कॉन्स्टेबल रामेश्वर सैनी ने बताया कि मृतक तुषार शाक्यवाल (28) जोगीपाड़ा श्रीपुरा का निवासी है। परिजनों द्वारा कोई शिकायत नहीं दी गई। सुसाईड नोट का मामला सामने तो आया है, लेकिन अभी तक कोई सुसाईड नोट नही मिला है। पुलिस ने बताया कि मृतक की दो महिने बाद शादी होने वाली थी। रिपोर्ट के आधार आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# चोरी के विरोध में कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

**भीलवाड़ा।** जिले के रायपुर कस्बे मे लगातार 7-8 माह से हो रही चोरियो एंव बीती रात सर्राफा व्यवसायी के साथ एक रात में तीन जगहों पर टूटे तालों को लेकर ग्रामवासियों एंव व्यापार मण्डल ने तहसीलदार सांवरमल अबासरा को जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौपा।

जिसमे बताया कि पुलिस थाना क्षैत्र मे विगत 7-8 माह से कस्बे के बस स्टेण्ड ,बाजार कि दुकानो व घरो एंव देव स्थानो को टारगेट कर लगातार चोरिया दुकान ,मकान, मन्दिरो व देवरो मे कि जा रही है। जिसमे अगर पूर्व का विवरण देखा जाये तो जोगेश्वर बावजी स्थान पर करीब तीस हजार किमतन का पीतल का घण्टा चोरी कर लिया गया।

इसी क्रम में चंवरा का श्याम में भी पीतल का घण्टा एंव झालर चोरी कर लिया चोरी के इसी क्रम मे पुनः सगरेव रोड पर स्थित देवनारायण भगवान का देवरा देलवाडिया बावजी से चान्दी का छतर व पीतल का घण्टा लेकर चले गए। व 23 अगस्त को पुलिस चौकी रायपुर से सटीक दुकान के रात मे ताले तोड़े व बाजार कि कुई के पास दुकान के चोरो ने ताले वही पॉच दिन बाद 27 अगस्त को गंगापुर रोड़ खेल मैदान के पास दुकान के ताले तोड़कर दुकान मे पड़ी चौदह हजार कि नकदी चोरी करके ले गए है। और बहुत सी अनगिनत चोरिया हुई एंव बीती रात चोरो ने दो दुकानो व मकान को निशाना बनाकर लाखो रूपयो कि चपत लगा दी। इस प्रकार चोरी कि बार बार घटना से क्षेत्रवासियों व व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है। और इस प्रकार कि घटना से आमजन मे भय एंव रोष व्याप्त है। पुलिस प्रशासन द्वारा इतनी घटना घटने के बाद भी किसी प्रकार कि कार्यवाही नही कि गई।

पुलिस प्रशासन के इस सुस्त रवैये के चलते आमजन मे भारी रोष व्याप्त है। पुलिस द्वारा आज दिन तक किसी भी चोरी का पर्दाफाश नही किया गया ,ग्रामवासीयो का बीट प्रभारी महेन्द्र सिंह को किसी घटना के बारे मे कहने पर आमजन के प्रति बीट प्रभारी महेन्द्र सिंह का रवैया सही नही है लोगो को जवाब सही देता है ज्यादा कहने पर दादागिरी करता है जिसके कारण बीट प्रभारी महेन्द्र सिंह सहित पूरे थाने के पुलिस कर्मचारियो को तत्काल प्रभाव से रायपुर थाने से हटाये जाने कि मांग करी और जल्द से जल्द चोरो को गिरफतार कर चोरो को पकड़कर सलाखों के पीछे डाला जाये ताकी इस प्रकार कि घटना कि पुनरार्वति ना हो अगर कार्यवाही नही कि जाती है तो 02 जनवरी के बाद व्यपार मण्डल व ग्रामवासियो द्वारा रायपुर बन्द कर उठा आन्दोलन रायपुर पुलिस चौकी के बाहर धरना दिया जायेगा इस दौरान ज्ञापन मे विहीप अध्यक्ष मुकेश सेन, इजी रामेश्वर लाल छीपा,सुभाष चन्द्र झंवर, छोटू माली, राधेश्याम काबरा, देवी लाल शर्मा, रामगोपाल दाधीच, ओगड़िया बालाजी मित्र मण्डल अध्यक्ष शान्ति लाल प्रजापत, विधायक प्रतिनिधी मांगी लाल सुथार, राजवीर सिंह, विशाल वैष्णव, कमलेश काबरा,गोपाल सोमानी, गौरव कोठारी, सुनिल सालवी,पिन्टू माली, जावेद,अनिल दाधीच,लोकेश त्रिवेदी, प्रहलाद प्रजापत,गोपाल कृष्ण त्रिवेदी, किशन कुमावत आईडिया, मुकेश सुथार आसूणा सहित सैकड़ो ग्रामवासी व व्यापार मण्डल के व्यापारी मौजुद रहे।

# जोधपुर में सुबह छाया रहा कोहरा, दस बजे बाद निकली धूप

- शहर में अधिकतम तापमान 21 व न्यूनतम 8 डिग्री रहा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में सोमवार सुबह एक बार फिर कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी, जिससे लोगों की धूजणी छूट गई। कोहरे से विजिबिलिटी कम होने के चलते सुबह वाहन चालकों को परेशानी हुई। सुबह आठ बजे तक शहर कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश दौर अब थम गया है। विक्षोभ गुजरने के बाद अब उत्तरी बर्फली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। धूप खिलने के बाद भी लोग सर्द हवा चलने से ठिठुरन महसूस कर रहे हैं । वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हाड़कंपाने वाली सर्दी का दौर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। शहर में पिछले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण बादलों की आवाजाही रही जिससे गलन कम महसूस हुई। बादल छटतें ही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी, बर्फीली हवाओं के चलते कोहरा छा गया।

आज सुबह भी कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग अल सुबह से अलाव तापते नजर आए। वहीं इस बढ़ती ठंड ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया। देर तक लोग बिस्तर में दुबके रहे। शहर में सोमवार को अधिकतम तापमान 21 व न्यूनतम 8 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहने और रात व दिन के तापमान में गिरावट होने की चेतावनी दी है।

# फेल न करने की नीति हुई परिवर्तित, देवनानी का जताया आभार

**ब्यावर** (निसं)राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह राठौड ने बताया कि संगठन ने पिछले वर्षों में यह मांग शिक्षाविदों के स्तर से उठाने का काम किया था कि फेल न करने की नीति शिक्षा के स्तर को खराब कर रही है। विद्यार्थियों में उद्दंडता का भाव भी ला रही है। ऐसे में आवश्यकता है कि शिक्षा का मौलिक स्वरूप बना रहे और विद्यार्थी एक निश्चित शैक्षिणक स्तर को प्राप्त करने के बाद ही अगली कक्षा में क्रमोन्नत हो।

इस हेतु आवश्यक है कि आवश्यक न्यूनतम स्तर को प्राप्त न करने वाले विद्यार्थी को उसी कक्षा में रोका जाए जिससे शिक्षा का मौलिक स्वरूप बना रह सके।इस हेतु पिछले वर्षों में "वर्तमान समय में शिक्षा की दशा एंव दिशा" विषय को लेकर वैचारिक गोष्ठियों व वैचारिक मंथन का कार्य किया गया था।गौरतलब है कि उस समय राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और शिक्षा मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री श्री वासुदेव जी देवनानी थे।संगठन की ओर से शिक्षाविदों की राय व संगठन की मांग को शिक्षा मंत्री जी तक पहुंचाने का काम हुआ था। इस विषय पर गंभीरता के साथ उनसे चर्चा भी हुई थी।

उसी समय यह सौभाग्य रहा था कि केंद्र सरकार द्वारा तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा विभिन्न राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की एक कमेटी का निर्माण किया गया था जिसमें नो डिटेंशन कमेटी बनाई गई थी। उसके चेयरमेन तत्कालीन शिक्षा मंत्री श्री वासुदेव जी देवनानी को बनाया गया था ।उस कमेटी ने विभिन्न राज्यों के शिक्षाविदों से भी राय मशवरा कर अपनी रिपोर्ट केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को सोपीं थी जिसमें फेल न करने की नीति को गलत बताते हुए इसमें सुधार की बात कही गई थी ।राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन व राधाकृष्णन शिक्षिका सेना इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते है कि अब केंद्रीय सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम में संशोधन करते हुए फेल न करने की नीति को संशोधित किया गया है।इस संशोधन से पांचवी व आंठवी मुख्य परीक्षा के बाद दो माह की अवधि में उस विद्यार्थी को पुनः अवसर दिया जाएगा,इसमें भी मानक स्तर तक नही पहुंचता है तो उस विद्यार्थी को उसी कक्षा में पुनः अध्ययन करना होगा।इस नियम से अब शिक्षा का मौलिक स्वरूप जिसमें न्यूनतम स्तर प्राप्त ना करने पर भी क्रमोन्नित का प्रावधान था वह हट गया है।

## किसान की मौत

**निवाई।** गांव मण्डालिया में खेत से लौट रहे किसान की वाहन दुर्घटना में मौत हो गई। एक किसान सरसों को पानी पिलाकर घर लौट रहा था । इस दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घायल अवस्था में जयपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसने दम तोड दिया। मण्डालिया निवासी नेहनू उम्र 48 पुत्र शंकरलाल गुर्जर की सोमवार को मौत हो गई है। परिवार में कोहराम मच गया।

**सड़क हादसे में युवक घायल** :- श्रीमाधोपुर कस्बे के विजयपुरा बाईपास के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया 108 एंबुलेंस ईएमटी हेमन्त कुमार सैनी व पायलेट सुभाष बिजारणियां ने बताया की हादसे मे बाइक सवार 18 वर्षीय राहुल पुत्र वकिल बंजारा निवासी तिंजावाला जोहडा गंभीर घायल हो गया। घायल को भीमाधोपुर सरकारी हॉस्पिटव भर्ती करवाया।

# 'तन्मयता के साथ हर असंभव कार्य भी संभव हो जाता है'

- धर्म से जुड़ने के लिए भक्ति आवश्यक है : साध्वी डॉ. संयमलता
- साध्वी ने कहा कि जिस दिन श्रद्धा का दीप बुझ जाएगा, उस दिन संसार मर जाएगा

**आसींद,** (निसं)। भक्ति श्रद्धा, विश्वास और निष्ठा के साथ की जाए तो भक्तों को भगवान मिल सकते है। भक्ति दो तरह से होती है एक भक्ति स्वार्थ की और दूसरी निस्वार्थ भक्ति। स्वार्थ से की गई भक्ति से कुछ भी प्राप्त नहीं होगा। श्रद्धा,विश्वास और निष्ठा के साथ की गई भक्ति से भगवान प्राप्त हो सकते है। सबरी ने भगवान राम की, चंदनबाला ने भगवान महावीर की, मीरा ने भगवान कृष्ण की भक्ति करके भगवान को प्राप्त किया है। जिसके घर में धर्म है वहां पर धन आता ही आता है। उक्त विचार आसींद क्षेत्र के चेनपुरा ग्राम में श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया साध्वी डॉ. संयमलता म.सा.ने व्यक्त किए उनके साथ विराजित साध्वी डॉ. अमित प्रज्ञा, डॉ.कमल प्रज्ञा, सौरभ प्रज्ञा के सानिध्य में जैन धर्म के 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का बोरदिया परिवार ने सामूहिक अनुष्ठान करवाया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने कहा कि तन्मयता के साथ हर असंभव कार्य भी संभव बन जाता है। एकाग्रता के अभाव में प्रार्थना, प्रार्थना नहीं केवल प्रदर्शन एवं दिखावा मात्र रह जाती है। सच्ची आस्था हो तो रास्ता निकल जाता है और रास्ता मिल जाए तो उसे परमात्मा से वास्ता बनाने में देर नहीं लगती।

साध्वी ने कहा कि जिस दिन श्रद्धा का दीप बुझ जाएगा,उस दिन संसार मर जाएगा। क्योंकि जीवन की एक-एक ईट आस्था की नींव पर रखी गई है। बिना श्रद्धा के ना तो संसार चलता है और ना ही मुक्ति का द्वार खुलता है। आस्थावान व्यक्ति संसार में भटक नहीं सकता जैसे घोड़े की लगाम मालिक के हाथ में होती है वह घोड़ा भटक नहीं सकता। कितना भी दुख, पीड़ा,संकट आ जाए लेकिन प्रभु के प्रति आस्था मत खोना। उस समय हम यही चिंतन करें कि सुख-दुख के क्षण चले जाएंगे। श्रद्धा आपको प्रभु से मिलाने का काम करती है। श्रद्धा नौका है जो आपको किनारे तक पहुंचा देगी। श्रद्धा मीरा जैसी हो जिसके जहर का प्याला अमृत बन गया था। भक्ति के वश में श्री राम शबरी के झूठे बेर तक खा लेते हैं। श्रद्धा आपके जीवन की आस तथा प्यास बन जाए तो आप भी सुदर्शन बन जाएंगे। व्यर्थ यहां वहां मत भटको, वीतरागी की शरण को प्राप्त हो जाओ। लेकिन व्यक्ति की आस्था पदार्थों की ओर है परमात्मा की ओर नहीं। शक्ति से भक्ति नहीं होती बल्कि भक्ति से शक्ति आती है।

